आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–25 मई 2024 **सान्ध्य समाचार**

सात चरणों में हो रहे लोकसभा चुनाव के छठें चरण के तहत आज प्रदेश की चौदह संसदीय सीटों सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, प्रयागराज, अम्बेडकर नगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीरनगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, भदोही और मछलीशहर में कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान सम्पन्न हो गया।

मतदान की प्रक्रिया सुबह सात बजे से शुरू हुई। इन संसदीय क्षेत्रों में शाम छह बजे तक जितने भी मतदाता, मतदेय स्थलों पर कतारबद्ध थे, उनका मतदान भी कराया गया। आज प्रदेश की जिन चौदह संसदीय सीटों पर मतदान हुआ है, वहां कुल एक सौ बासठ प्रत्याशी चुनाव मैदान में है, जिनमें एक सौ छियालीस पुरूष प्रत्याशी और सोलह महिला प्रत्याशी हैं। आज ही बलरामपुर के गैसड़ी विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिये भी वोट डाले गये। साथ ही, फर्रूखाबाद लोकसभा सीट के अलीगंज विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय खिरिया पमारान मतदेय स्थल पर पुनर्मतदान भी हुआ।

चुनाव आयोग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार आज शाम पांच बजे तक सुल्तानपुर में तिरपन दशमलव पांच आठ, प्रतापगढ़ में उन्चास दशमलव पांच आठ फूलपुर मे करीब छियालीस, प्रयागराज में करीब उन्चास, अम्बेडकर नगर में उन्सठ दशमव आठ शून्य, श्रावस्ती में इक्यावन दशमलव शून्य आठ, डुमरियागंज में पचास दशमलव छः पांच, बस्ती में करीब पचास प्रतिशत, संतकबीरनगर मे इक्याव दशमव पांच प्रतिशत, लालगंज में बावन दशमलव आठ एक, आजमगढ़ में चौवन दशमलव दो तीन, जौनपुर मे बावन दशमलव पांच दो, भदोही में पंचास दशमलव छः नौ और मछलीशहर में इक्यावन दशमलव शून्य आठ प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, बलरामपुर के गैसड़ी विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिये उन्चास दशमव तीन सात फीसदी वोट डाले गये।

****

लोकसभा चुनाव के सातवें और अन्तिम चरण की तेरह सीटों के लिये चुनाव प्रचार ने जोर पकड़ लिया है। वरिष्ठ भाजपा नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज चन्दौली में भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर महेन्द्र नाथ पाण्डेय के पक्ष में एक जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में गरीब कल्याणकारी योजनाओं में कीर्तिमान स्थापित किया गया। आज देश में आतंकवाद और नक्सलवाद समाप्त हो गया है। देश विकास की यात्राओं में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र में पुनः सरकार बनने के बाद सत्तर वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को आयुष्मान कार्ड से कवर किया जायेगा। गोरखपुर में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी ने इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा की। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार में सत्तर करोड़ लोग बेरोजगार हैं। उन्होंने कहा कि चारो तरफ संकट और संघर्ष है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने दावा किया कि गोरखपुर और आसपास के क्षेत्र से जो संदेश मिल रहा है, उससे लग रहा है कि इस बार हमारी ही जीत होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले दस साल में सरकार की हर बात झूठी और हर दावा झूठा निकला है। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने भी आज गोरखपुर में बसपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और भाजपा के साथ–साथ सभी विपक्षी दलों के घोषणा पत्र हवा–हवाई है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल पूंजीपतियों और उद्योगपतियों को बढ़ावा दे रहे हैं।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री ने बलिया लोकसभा सीटि से भाजपा प्रत्याशी नीरज शेखर के पक्ष में भी चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। वहीं भाजपा नेता और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कुशीनगर जिले में भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी के समर्थन में जनसभा की। अन्तिम समाचार मिलने तक भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनावी जनसभा के लिये गाजीपुर पहुंच गये हैं। उधर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और सपा नेता डिम्पल यादव भी वाराणसी में रोड– शो के लिये पहुंच गयी हैं।

****

अयोध्या के राम मंदिर परिसर में अब अति विशिष्ट लोग भी मोबाइल नहीं ले जा सकेंगे। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्रा की अध्यक्षता में कल हुयी राम मंदिर निर्माण की प्रगति सम्बन्धी समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान मंदिर परिसर में मोबाइल ले जाने को पूर्णतया प्रतिबंधित कर दिया गया है। बैठक के बाद राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉक्टर अनिल मिश्र ने मंदिर निर्माण के प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस बीच अयोध्या में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये गुप्तारघाट पर अयोध्या विकास प्राधिकरण के प्रयास और नीलमय संस्था के सहयोग से पंचवटी द्वीप और राम अनुभव केन्द्र बनाया गया है। इसका लोकार्पण मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने कल किया। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के साकार होने से नदियों पर आश्रित रहने वाले लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

****

अयोध्या जिले के बीकापुर कोतवाली थाना क्षेत्र में प्रयागराज हाइवे पर शेरपुरा के पास आज एक टैम्पो ट्रेवलर और ट्रक की टक्कर में तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गयी। दुर्घटना में घायल हुए चौदह श्रद्धालुओं को इलाज के लिये दर्शननगर स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। कर्नाटक राज्य के गुलबर्गा के रहने वाले बाइस श्रद्धालु वाराणसी से टैम्पो ट्रेवलर के जरिये अयोध्या में दर्शन–पूजन के लिये आ रहे थे।

****